**Maharana Pratap Govt. Degree College Amb-177203**
**District Una HP**

**Co-Educational Institution**
**Affiliated to Himachal Pradesh University Shimla – 5**
www.mpgcamb.com
govtcollegeamb@gmail.com | gcamb-hp@nic.in |01976-260032



# Self-Assessment Report
# SAR 2024-25

## Criterion 5: Best Practices, Innovation, and Institutional Distinctiveness


### Sub Criterion 5.4 Special New Innovative Initiatives or Ideas Adopted in the College

**The following new innovative initiatives were adopted in the college:**

**1. Use of Interactive Whiteboards**
**2. Life Skills Through Various Clubs/Societies/Unit.**

## 1.Use of Interactive panels:

Maharana Pratap Govt. Degree College Amb has installed interactives whiteboards to implement new teaching-learning strategies for a technology rich learning and visual engagement.




NAGAR
503
Google
Bus Stand
Amb Himachal Pradesh India
M4Q8+JH4, near amb collage, Amb, Himachal Pradesh 177203, India
Lat: 31.69 | Long: 76.12
Fri, 5 Dec 10:58 AM, GMT+05:30

## 2. Learning Life Skills Through Various Clubs/Societies/Units

**Many activities are performed throughout the session to teach our students various life skills. These initiatives are taken by the clubs formed in the college.**

**Some of them are:**

**Road safety**

**Aids awareness**

**Self-defense**

**Cleanliness and**

**Environment protection**

**Drugs prevention and**

**deaddiction**

**Disaster management**

**Electoral literacy etc.**

## Activities for road safety:

# REPORT

**Dated: 18/03/2025**

## Road Safety Rally and Awareness Campaign for Road Users

Maharana Pratap Government College Amb organized a Road Safety Rally and Awareness Campaign for road users to promote traffic discipline and safe driving practices. The campaign was held under the guidance of Principal Prof. Darshan Kumar, who graced the occasion as the Chief Guest. The event was coordinated by Dr. Arun Kumar with Prof. Ankush Kumar member of the Road Safety Club, who both addressed the gathering and highlighted the importance of road safety awareness in everyday life. The rally witnessed active participation from students, who not only marched from the college to Amb Chowk and back, but also interacted with road users along the way. In a unique initiative, the students rewarded riders following traffic rules by offering them chocolates, while also educating those not adhering to the rules about safe driving practices and traffic regulations. The rally aimed to foster responsible behavior among road users and instill a culture of safety on the roads. Traffic police officers Head Constable Ajay Dadhwal, Head Constable Aman Guleria, and Constable Ankaj Kumar played a key role in supporting the students during the campaign. They shared their expertise, educated the public on traffic laws, and provided valuable lessons on road safety.

The event saw the presence of Prof. Rekha Sharma, Dr. Nitin Sharma, other Professors and 146 active members of the Road Safety Club, all of whom contributed to making the campaign a success. The college continues to promote awareness through such initiatives, reinforcing its commitment to community welfare and safety.



ROAD SAFETY CLUB
MAHARANA PRATAP GOVT. COLLEGE AMB
Amb, Himachal Pradesh, India
M4q8+97r, Nh 3, Amb, Himachal Pradesh 177210, India
Lat 31.688416° Long 76.115882°
18/03/2025 11:36 AM GMT +05:30
Google



PRESS




Amb, Himachal Pradesh, India
M4q8+87, Amb, Himachal Pradesh 177203, India
Lat 31.688396° Long 76.115882°
18/03/2025 11:38 AM GMT +05:30
Google






Amb, Himachal Pradesh, India
M4q8+97r, Nh 3, Amb, Himachal Pradesh 177210, India
Lat 31.688456° Long 76.115861°
18/03/2025 11:37 AM GMT +05:30
Google






## विद्यार्थियों ने रैली से बताया सड़क सुरक्षा का महत्व

### अम्ब कालेज में सड़क सुरक्षा रैली एवं जागरूकता अभियान आयोजित

अम्ब, 18 मार्च (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा रैली एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डा. अरुण कुमार ने किया, जबकि सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य प्रो. अंकुश कुमार ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को जागरूक किया।

रैली में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से अम्ब चौक तक निकाली गई और पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई।

विद्यार्थियों ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को चॉकलेट देकर सम्मानित किया और जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे, उन्हें सही नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस पहल का उद्देश्य सड़क पर सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

इस अभियान में यातायात पुलिस अधिकारी अजय डढवाल, अमन गुलेरिया और अंकज कुमार ने विद्यार्थियों का सहयोग किया और सड़क पर वाहन चालकों को नियमों की जानकारी दी तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा, डा. नितिन शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्य तथा सड़क सुरक्षा क्लब के 146 सदस्य उपस्थित रहे।




अम्ब : सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत निकाली गई रैली को हरी झंडी देकर रवाना करते हुए प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार। (अश्विनी)

## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया



महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में मंगलवार को सड़क सुरक्षा रैली व जागरूकता अभियान के दौरान उपस्थित विद्यार्थी • जागरण

अंब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा रैली व जागरूकता अभियान का आयोजन किया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का संयोजन डा. अरुण कुमार ने किया। सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य प्रो. अंकुश कुमार ने सड़क सुरक्षा का महत्व बताकर लोगों को जागरूक किया। रैली में महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से अंब चौक तक निकाली गई और पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। विद्यार्थियों ने यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को चाकलेट देकर सम्मानित किया। नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया। इस पहल का उद्देश्य सड़क पर सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। अभियान में यातायात पुलिस अधिकारी अजय डढ़वाल, अमन गुलेरिया और अंकज कुमार ने विद्यार्थियों का सहयोग किया और वाहन चालकों को नियमों की जानकारी दी। इस दौरान प्रो. रेखा शर्मा, डा. नितिन शर्मा, अन्य स्टाफ सदस्य तथा सड़क सुरक्षा क्लब के 146 सदस्य उपस्थित रहे। (संस)

## महाविद्यालय अंब के छात्रों ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली



रैली निकालते विद्यार्थी। सतविन्द्र लट्ठ

सवेरा न्यूज/कपिल सूद (अम्ब) : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा रैली एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ अरुण कुमार ने किया। जबकि सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य प्रो अंकुश कुमार ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को जागरूक किया। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से अंब चौक तक निकाली गई और पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। विद्यार्थियों ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को चॉकलेट देकर सम्मानित किया और जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे, उन्हें सही नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस अभियान में यातायात पुलिस अधिकारी अजय दढ़वाल, अमन गुलेरिया और अंकज कुमार ने विद्यार्थियों का सहयोग किया और सड़क पर वाहन चालकों को नियमों की जानकारी दी तथा महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए।

## रैली से दिया सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब की ओर से सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए मंगलवार को सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अरुण कुमार ने किया। जबकि, सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य प्रो. अंकुश कुमार ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को जागरूक किया। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से अंब चौक तक निकाली गई और पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। विद्यार्थियों ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को चॉकलेट देकर सम्मानित किया। संवाद

## अंब में छात्रों ने सड़क सुरक्षा पर निकाली रैली

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा रैली एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अरुण कुमार ने किया। जबकि सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य प्रो. अंकुश कुमार ने सड़क सुरक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को जागरूक किया। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से अंब चौक तक निकाली गई और पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। विद्यार्थियों ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को सम्मानित किया। जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे, उन्हें नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया।

## रैली निकालकर सड़क सुरक्षा नियमों पर दी जानकारी

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा रैली एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने बतौर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से अंब चौक तक निकाली गई और पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। विद्यार्थियों ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को चॉकलेट देकर सम्मानित किया और जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे, उन्हें सही नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस पहल का उद्देश्य सड़क पर सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

Dr. Arun Kumar
Program Coordinator
Road Safety Club

Principal
M. P. Govt. College, Amb
Distt. Una (H.P.)

Principal
Govt. College Amb
Distt. Una (H.P.)

# REPORT

**Dated: 19/03/2025**

## A Lecture on Road Safety by S.H.O. Amb

Maharana Pratap Government College Amb, organized a Road Safety Awareness Lecture to promote traffic discipline and safe driving practices among students and the wider community. The event was held under the guidance of Principal Prof. Darshan Kumar. The occasion was marked by a special lecture delivered by S.H.O. Amb, Sh. Anil, who graced the event as the Chief Guest. During his address, he enlightened students about road safety, key provisions of the Motor Vehicles Act, and emphasized the fines, penalties, and imprisonment associated with traffic violations. His talk aimed at instilling a sense of responsibility and legal awareness among young road users. The event was coordinated by Dr. Arun Kumar, with Prof. Ankush Kumar, member of the Road Safety Club. Both faculty members addressed the gathering and stressed the importance of adhering to road safety norms in daily life.

The event witnessed the active presence of Dr. Satpal Singh, Prof. Anay Kumar, and 193 dedicated members of the Road Safety Club. The college remains committed to spreading awareness through such initiatives, reinforcing its dedication to community welfare and road safety.









GPS Map Camera
Amb, Himachal Pradesh, India
M4q8+97r, Nh 3, Amb, Himachal Pradesh 177210, India
Lat 31.688412° Long 76.115883°
19/03/2025 12:32 PM GMT +05:30
Google







ROAD SAFETY CLUB


GPS Map Camera
Amb, Himachal Pradesh, India
M4Q8+97r, Nh 3, Amb, Himachal Pradesh 177210, India
Lat 31.686412° Long 76.115883°
19/03/2025 12:26 PM GMT +05:30
Google




ROAD SAFETY CLUB



## विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

अम्ब, 19 मार्च (अश्विनी) : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में सड़क सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में यातायात अनुशासन और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूकता फैलाना था। बुधवार को यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर एस.एच.ओ. अम्ब अनिल उपाध्याय ने मुख्यातिथि के रूप में व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, मोटर वाहन अधिनियम की प्रमुख धाराओं के बारे में जागरूक किया और जुर्माना, दंड और कारावास जैसी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।



अम्ब : सड़क सुरक्षा जागरूकता पर आयोजित व्याख्यान के दौरान मुख्यातिथि एस.एच.ओ. अम्ब अनिल उपाध्याय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार। (अश्विनी)

व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना और कानून के प्रति सजगता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का समन्वय डा. अरुण कुमार द्वारा किया गया।

सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य प्रो. अंकुश कुमार ने भी सभा को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. सतपाल सिंह, प्रो. अनय कुमार, डा. नितिन, डा. कृष्णा व अन्य प्रोफैसर सहित सड़क सुरक्षा क्लब के 193 सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## अंब कॉलेज में छात्रों को सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

अंब(ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में सड़क सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में यातायात अनुशासन और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर एसएचओ अंब अनिल उपाध्याय ने मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, मोटर वाहन अधिनियम की प्रमुख धाराओं के बारे में जागरूक किया और जुर्माना, दंड और कारावास जैसी कानूनी प्रवधानों की जानकारी दी। उनके व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना और कानून के प्रति सजगता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अरुण कुमार द्वारा किया गया, जबकि प्रो. अंकुश कुमार, सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य, ने भी सभा को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर डॉ. सतपाल सिंह, प्रो. अनय कुमार, डॉ नितिन, डॉ कृष्णा वह अन्य प्रोफेसर तथा 193 सक्रिय सदस्य सड़क सुरक्षा क्लब के उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से निरंतर समुदाय कल्याण और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है। संवाद

## विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी

संवाद सहयोगी, जागरण • अंब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में सड़क सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में यातायात अनुशासन और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर एसएचओ अंब अनिल उपाध्याय ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, मोटर वाहन अधिनियम की प्रमुख धाराओं के बारे में जागरूक किया और जुर्माना, दंड और कारावास जैसे कानूनी प्रविधानों की जानकारी दी।

कार्यक्रम का समन्वय डा. अरुण कुमार ने किया जबकि प्रो. अंकुश कुमार, सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य ने भी दैनिक जीवन में सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. सतपाल सिंह, प्रो. अनय कुमार, डा. नितिन, डा. कृष्णा वह अन्य प्रोफेसर तथा सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## कालेज के विद्यार्थियों को थाना प्रभारी ने किया जागरूक

स्टाफ रिपोर्टर-अंब

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में सड़क सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में यातायात अनुशासन और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एसएचओ अंब अनिल उपाध्याय ने मुख्यातिथि के रूप में व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, मोटर वाहन अधिनियम की प्रमुख धाराओं के बारे में जागरूक किया और जुर्माना, दंड और कारावास जैसी कानूनी प्रवधानों की जानकारी दी। उनके व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना और कानून के प्रति सजगता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अरुण कुमार द्वारा किया गया, जबकि प्रो. अंकुश कुमार, सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य ने भी सभा को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. सतपाल सिंह, प्रो. अनय कुमार, डॉ. नितिन, डॉ. कृष्णा व अन्य प्रोफेसर तथा 193 सक्रिय सदस्य सड़क सुरक्षा क्लब के उपस्थित रहे। जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से निरंतर समुदाय कल्याण और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में सड़क सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में यातायात अनुशासन और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूकता फैलाना था। जागरूक किया गया।

Dr. Arun Kumar
Program Coordinator
Road Safety Club

Principal
Govt. College Amb
Distt. Una (H.P.)

Principal
M. P. Govt. College, Amb
Distt. Una (H.P.)

**AIDS awareness**

## छात्रों को एचआईवी एड्स के प्रति किया जागरूक

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में रेड रिबन क्लब व स्थानीय अस्पताल अंब के सौजन्य से एचआईवी एड्स के प्रति हैंड शेक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के सदस्यों द्वारा पीएल एचआईवी विनर के साथ हैंड शेक करके एड्स के प्रति जागरूकता का अभियान चलाया गया। रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. अशीष कुमार ने छात्रों को एड्स के प्रति जागरूक किया और बताया कि एड्स की जानकारी ही एड्स के बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। इस तरह के कार्यक्रम उन्हें और अधिक करने चाहिए। जिससे समाज के सभी लोग एड्स के प्रति और जागरूक हो। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. रेखा शर्मा, अमित कुमार, क्लब प्रभारी अशीष कुमार एवं स्थानीय अस्पताल अंब के स्वास्थ्य शिक्षक राजेश कुमार, आईसीटीसी काउंसलर नरेंद्र कुमार, चंद्रकांत एवं हरप्रिया मौजूद रहे।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक: 06-10-202[illegible]

# जानकारी ही एड्स से बचाव का सबसे बड़ा हथियार : आशीष



*अम्ब : एच.आई.वी. एड्स जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थी एड्स की जानकारी को समाज के सभी लोगों तक पहुंचाने की प्रतिज्ञा लेते हुए। (अश्विनी)*

अम्ब, 5 अक्तूबर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में रैड रिबन क्लब व स्थानीय अस्पताल अम्ब के सौजन्य से एच.आई.वी. एड्स के प्रति हैंड शेक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत रैड रिबन क्लब के सदस्यों द्वारा पी.एल. एच.आई.वी. विनर के साथ हैंड शेक करके एड्स के प्रति जागरूकता का अभियान चलाया गया।

रैड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. आशीष कुमार ने छात्रों को एड्स के प्रति जागरूक किया और बताया कि एड्स की जानकारी ही एड्स से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।

इस मौके पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक राजेश कुमार ने एड्स से संबंधित आवश्यक जानकारियां छात्रों को दीं। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार, प्रो. रेखा शर्मा, अमित कुमार, क्लब प्रभारी आशीष कुमार एवं स्थानीय अस्पताल अम्ब के स्वास्थ्य शिक्षक राजेश कुमार, आई.सी.टी.सी. काउंसलर नरेंद्र कुमार, चंद्रकांत एवं हरप्रिया मौजूद रहे।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक: 06-10-2024

AIDS awareness

## नुक्कड़ नाटक से एड्स के प्रति किया जागरूक

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने वर्ल्ड एड्स डे के मौके पर जागरूकता रैली निकाली और सिविल अस्पताल अंब में नुक्कड़ नाटक से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया।

इसमें महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी अफसर लैफ्टिनेंट अनिल वर्मा और आईसीटीसी काउंसलर नरेंद्र सिंह ने कैडेट्स के साथ हिस्सा लिया। रैली में 67 विद्यार्थियों ने भाग लिया और सिविल अस्पताल अंब पहुंचकर एड्स जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस पहल की सराहना करते हुए सिविल अस्पताल अंब के ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और इस संदेश को हर घर तक पहुंचाने का आग्रह किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार ने एनसीसी कैडेट्स के इस कार्य की सराहना की और सिविल अस्पताल अंब के अधिकारियों का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। संवाद

समाचार पत्र: अमर उजाला
दिनांक: 03-12-2024



अम्ब : सिविल अस्पताल अम्ब में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति जागरूक करते हुए अम्ब कालेज के एन.सी.सी. कैडेट्स। (अश्विनी)

## विश्व एड्स दिवस पर अंब कालेज में भाषण प्रतियोगिता

अंब। महाराणा प्रताप उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में सोमवार को डिबेट और डिक्लेमेशन समिति द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य यह था कि एड्स से बचाव एवं उससे जागरूकता। इसमें 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें प्रियानी बीए प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर, तमन्ना बीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर तथा रीपुल तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार रहे। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. श्रुति, डॉ. अजय शर्मा, प्रो. पूनम शर्मा रहे। इस अवसर पर डिबेट और डिक्लेमेशन समिति के संयोजक डॉ. वंदना कौंडल तथा प्रो. अरुणा रानी सहित समस्त स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## भाषण प्रतियोगिता में प्रियानी प्रथम

अम्ब, 2 दिसम्बर (अश्विनी): महाराणा

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक: 03-12-2024

# अंब कॉलेज में एड्स दिवस पर जागरुकता रैली

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब के एनएसएस स्वयंसेवियों ने विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। स्थानीय अस्पताल तक निकाली गई रैली में 40 छात्र-छात्राओं ने रैली में भाग लिया। रैली के माध्यम से स्वयंसेवियों ने एड्स के प्रति समाज में फैली कुरीतियों की रोकथाम, उपचार और जागरूकता से जुड़ा संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने मानव शृंखला बनाकर रेड रिबन का चिह्न भी दिखाया। कार्यक्रम में प्रो. अमित कुमार शर्मा, प्रो. अनय, डॉ. अरुण कुमार और डॉ. अजय शर्मा भी उपस्थित रहे। संवाद

समाचार पत्र : अमर उजाला

दिनांक : 04-12-2024

# अम्ब कालेज के स्वयंसेवियों ने रैली से दिया एड्स से बचने का संदेश

अम्ब, 3 दिसम्बर (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब के स्वयंसेवियों ने विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर जन जागरूकता रैली स्थानीय अस्पताल अम्ब तक निकाली। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के 40 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने समाज में एड्स के प्रति फैली कुरीतियों की रोकथाम, उपचार और जागरूकता से जुड़ा संदेश दिया।

इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने मानव श्रृंखला द्वारा एड्स का चिन्ह बनाकर इस बीमारी से बचने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार, प्रो. अमित कुमार शर्मा, प्रो. अनय, डा. अरुण कुमार व डा. अजय शर्मा उपस्थित रहे।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक: 04-12-2024

# विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान में 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया

अंब | राजकीय महाविद्यालय अंब में रेड रिबन क्लब के द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर एक व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। इस व्याख्यान के अंतर्गत रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रोफेसर अशीष कुमार के द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एड्सके प्रति विद्यार्थी वर्ग को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब के सदस्यों ने एचआईवी एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कोमल तथा प्रिया भाटिया ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एचआईवी एड्स के होने के कारणों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा इससे बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रोफेसर आशीष कुमार ने कहा कि एचआईवी एड्स एक बहुत गंभीर लाइलाज बीमारी है। इस बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय जानकारी ही है।

समाचार पत्र: दैनिक भास्कर
दिनांक : 07-12-2024

# एच.आई.वी. एड्स से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी : आशीष

## अम्ब कालेज में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर व्याख्यान आयोजित

अम्ब, 6 दिसम्बर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में रैड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के अंतर्गत रैड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. आशीष कुमार ने पावर प्वाइंट प्रैजैंटेशन के माध्यम से एड्स जैसी बीमारी के प्रति विद्यार्थी वर्ग को जागरूक किया। कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर कोमल तथा प्रिया भाटिया ने पावर प्वाइंट प्रैजैंटेशन के माध्यम से एच.आई.वी. एड्स के कारणों के बारे में जानकारी दी तथा इससे बचाव के उपायों के बारे में बताया।

रैड रिबन क्लब के महत्व बारे में भी विद्यार्थी वर्ग को जागरूक किया। प्रो. आशीष कुमार ने कहा कि एच.आई.वी. एड्स एक गंभीर लाइलाज बीमारी है। इस बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय जागरूकता ही है।

उन्होंने विद्यार्थियों को ड्रग एडिक्शन के बारे में बताया तथा उन्हें इस तरह की बुरी आदतों से भी दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का रैड रिबन क्लब एच.आई.वी. एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सराहनीय कार्य कर कर रहा है। इस अवसर पर प्रो. अमित, क्लब प्रभारी प्रो. आशीष कुमार व प्रो. आशुतोष मौजूद रहे।



*अम्ब : अम्ब कालेज में रैड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य प आयोजित कार्यक्रम में मानव श्रृंखला बनाए हुए क्लब के सदस्य एवं विद्यार्थी। (अश्वि*

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 07-12-2024

# रील से एड्स के खिलाफ किया जागरूक





महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के बाद स्टाफ सदस्यों के साथ विद्यार्थी • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • अंब :** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआइवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रील मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। महाविद्यालय के पांच प्रतिभाशाली छात्रों ने एचआइवी एड्स के मुद्दे पर रील्स बनाने का बीड़ा उठाया। छात्रों ने रील के माध्यम से एचआइवी एड्स के खिलाफ लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. आशीष कुमार ने कहा कि एचआईवी एड्स से बचाव का एकमात्र उपाय इसके बारे में जानकारी तथा जागरूकता है।

एचआइवी एड्स को हराना है तो जागरूकता फैलानी होगी। आज के दौर में ज्यादातर लोग इंटरनेट मीडिया पर अधिक समय व्यतीत करते हैं। ऐसे में इंटरनेंट मीडिया के माध्यम से लोगों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी पहुंचानी चाहिए। विश्व एड्स दिवस एचआइवी और एड्स के खिलाफ लड़ाई में लोगों को एकजुट करने के लिए वैश्विक आंदोलन है। इसमें सबको सक्रिय रहना चाहिए। यही जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के ग्रुप के माध्यम से इस तरह की जानकारी ज्यादा से ज्यादा शेयर करनी चाहिए। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक मौजूद रहे।

समाचार पत्र: दैनिक जागरण
दिनांक: 11-12-2024

Self Defense



## अंब कालेज में डिफेंस शिविर का आगाज

अंब। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में सोमवार को 7 दिवसीय सेल्फ़ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम (सामर्थ्य )का आयोजन किया गया। यह प्रोग्राम 4 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें महाविद्यालय की 100 छात्राओं ने सोमवार को शिविर के शुरुआत में भाग लिया। बनगढ़ बटालियन की ओर से आए सब इंस्पेक्टर सुरेश पाल और कांस्टेबल करण ने छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए। महाविद्यालय के प्राचार्य दर्शन कुमार ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें इस प्रोग्राम को सिखने के लिए बधाई दी। डा. सुरुचि शर्मा और प्रो. मोनिका जसवाल उपस्थित रहे।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक: 05-11-2024



## अम्ब कालेज में छात्राएं सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर

### 100 छात्राएं ले रहीं भाग

अम्ब, 4 नवम्बर (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में 7 दिवसीय सैल्फ डिफैंस ट्रेनिंग प्रोग्राम (सामर्थ्य) शुरू हुआ। 12 नवम्बर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सोमवार को महाविद्यालय की 100 छात्राओं ने भाग लिया। बनगढ़ बटालियन की ओर से आए सब इंस्पैक्टर सुरेश पाल और कांस्टेबल करण ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

इस अवसर पर प्राचार्य दर्शन कुमार ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें यह गुर सीखने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर डा. सुरुचि शर्मा और प्रो. मोनिका जसवाल आदि उपस्थित रहे।

छात्राओं को सिखाए


समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक: 05-11-2024

## स्टूडेंट्स ने सीखे सेल्फ डिफेंस के गुर



अंब | मंगलवार को राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में सात दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न हुआ। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जिला प्रशासन की ओर से आए हुए सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा और कांस्टेबल करण ने 7 दिनों तक छात्राओं को विभिन्न प्रकार के सेल्फ डिफेंस के तरीके सिखाए। जिसे छात्राओं ने प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ के सामने प्रस्तुत किया तथा स्टाफ के सदस्यों ने उनकी सराहना की। प्राचार्य प्रो.दर्शन कुमार ने छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उन्हें सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए।

समाचार पत्र: दैनिक भास्कर
दिनांक: 13-11-2024



## अंब कालेज में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन

अंब। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में मंगलवार को सात दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन समारोह संपन्न हुआ। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने मुख्यांतिथि के रूप में शिरकत की। जिला प्रशासन की ओर से आए हुए सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा और कांस्टेबल करण ने 7 दिनों तक छात्राओं को विभिन्न प्रकार के सेल्फ डिफेंस के तरीके सिखाए जिसे छात्राओं ने प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ के सामने प्रस्तुत किया तथा स्टाफ के सदस्यों ने उनकी सराहना की। प्राचार्य प्रो.दर्शन कुमार ने छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उन्हें सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर प्रो.अमित शर्मा, को-ऑर्डिनेटर डॉ. सुरुचि शर्मा, तथा सह को-ऑर्डिनेटर डॉ.अजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक: 13.11.2024

Electoral Literacy:

## छात्रों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में किया जागरूक

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में शनिवार को चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी अनय व परीक्षा कुमारी ने बताया कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप (मोबाइल ऐप) के ब्रारे में जानकारी दी गई और नई पंजीकरण के लिए 9 नवंबर से से 28 नवंबर तक अपने बूथ के बीएलओ से संपर्क करके फॉर्म नंबर 6 को भरकर मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत करवा लें। 13 नवंबर को कॉलेज प्रांगण में भी हेल्प डेस्क लगाया जा रहा है, वहां पर अपना वोट बना सकते हैं। इसके जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, पास-पोर्ट साइट फोटो साथ में लाना अनिवार्य है।

दिनांक: 10-11-2024

## अंब कॉलेज में वोटर हेल्पलाइन की दी जानकारी

**अंब (ऊना)।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में चुनावी साक्षरता क्लब के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। नोडल ऑफिसर अनय और परीक्षा कुमारी ने बताया कि इस मौके पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप (मोबाइल एप) के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नए मतदाता नौ नवंबर से 28 नवंबर तक अपने बूथ के बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म नंबर छह को भरकर मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को कॉलेज प्रांगण में भी हेल्प डेस्क लगाया जाएगा, वहां भी मतदाता अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। संवाद

समाचार पत्र: अमर उजाला

दिनांक : 11-11-2024

## अंब कालेज में स्वयंसेवियों को किया जागरूक

अंब। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार की अध्यक्षता में सभी स्वयंसेवियों को मेरा भारत पोर्टल पर पंजीकृत होने के संबंध में एक व्याख्यान के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस व्याख्यान के माध्यम से सभी स्वयंसेवियों को कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुख देव ने बताया कि एक स्वयंसेवी होने के नाते सभी स्वयंसेवियों को संबंधित वेबसाइट पर पंजीकरण करवाना जरूरी है। बिना पंजीकरण के कोई भी स्वयंसेवी राष्ट्रीय सेवा योजना की किसी गतिविधि में हिस्सा नहीं ले पाएगा। इस व्याख्यान में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 54 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया व प्रण लिया कि वे अन्य विद्यार्थियों व स्वयंसेवियों को संबंधित विषय में जागरूक करेंगे।

समाचार पत्र: दि० हिमाचल
दिनांक: 12-11-2024

## अंब कॉलेज में बनाए वोटर कार्ड




चौकीमन्यार कॉलेज में 18 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाता। -स्रोत संस्थान

**अंब/जोल/बंगाणा (ऊना)।** राजकीय महाविद्यालय अंब में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चुनाव आयोग की तरफ से हेल्प डेस्क स्थापित किया गया। इस हेल्प डेस्क में महाविद्यालय के चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. अनय कुमार और विनोद तथा पोलिंग बूथ अधिकारियों की ओर से 26 ऑफलाइन और छह ऑनलाइन वोट बनाए गए। इसके अलावा 82 फार्म बच्चों को वितरित किए गए। वहीं, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 41 चिंतपूर्णी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में बुधवार को बीएलओ डेस्क के माध्यम से 18 वर्ष आयु वर्ग के छात्र जो अभी तक मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है, उन विद्यार्थियों के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। वहीं, बंगाणा कॉलेज में भी नए वोटरों के लिए हेल्प डेस्क लगाया गया। संवाद

समाचार पत्र: अमर उजाला

दिनांक: 16-11-2024



अम्ब (अश्विनी) : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित शिविर के दौरान इलैक्शन कमीशन के द्वारा हैल्प डैस्क स्थापित किया गया। इस हैल्प डैस्क में महाविद्यालय के चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. अनय कुमार व विनोद तथा पोलिंग बूथ अधिकारियों के द्वारा 26 ऑफलाइन और 6 ऑनलाइन वोट बनाए गए।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी

दिनांक: 14-11-2024


# अंब कालेज में चुनावी साक्षरता क्लब ने लगाया शिविर




अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में बुधवार को प्राचार्य दर्शन कुमार की अध्यक्षता में चुनावी साक्षरता क्लब ने विशेष एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें इलेक्शन कमिशन द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित किया गया। इस हेल्प डेस्क में महाविद्यालय के चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. अनय कुमार व प्रो. परीक्षा और विनोद कुमार तथा पोलिंग अधिकारी उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार द्वारा बताया गया कि इस दौरान चुनावी साक्षरता क्लब के द्वारा 39 ऑनलाइन और 18 ऑफलाइन वोट बनाए गए। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने अपने गांव के पोलिंग बूथ अधिकारी के पास भी फॉर्म नंबर 6 जमा करवाया है।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक: 28-11-2024

Drug de-addiction:



## नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

अंब(ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब के प्रहरी क्लब की ओर से नशा निवारण अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नशे के विरुद्ध जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में छात्रों को नशीली चीजों का सेवन करने के दुरुपयोग बताए गए तथा बताया गया कि किस प्रकार नशीली दवाइयां समाज को खोखला कर रही हैं। प्राचार्य ने भी छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं।

अतः यदि ये जागरूक रहेंगे तो समाज को भी जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को नशा न करने की शपथ दिलाई। संवाद

समाचार पत्र: अमर उजाला।
दिनांक: 19-10-2024

Drug de-addiction:



# विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

महाराणा प्रताप उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में प्रहरी क्लब द्वारा ब्रह्मकुमारी सैंटर अम्ब के सहयोग से एकदिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें ब्रह्मकुमारी सैंटर अम्ब ने ऑडियो व वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया।

*अम्ब : नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत अम्ब कालेज में लगाए गए शिविर में ब्रह्मकुमारी सैंटर अम्ब के पदाधिकारी व कालेज स्टाफ सदस्य जागरूकता रथ के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)*

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार, प्रो. सतपाल, प्रो. अमित शर्मा, प्रो. अनय, डा. अरुण, डा. अजय शर्मा व डा. ओम प्रकाश सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 26-11-2024

# नशे के विरुद्ध छेड़ना होगा युद्ध : प्रो. दर्शन


अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में प्रहरी क्लब की ओर से ब्रह्मकुमारी सेंटर अंब के सहयोग से एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसमें ब्रह्मकुमारी सेंटर अंब ने ऑडियो वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हम सभी को नशे से बचकर रहना चाहिए तथा इसके दुष्परिणामों की समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली के माध्यम से नशे से मुक्त होने के उपाय को सुस्पष्ट किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने भी विद्यार्थियों को अपने वक्तव्य में कहा कि हमें नशे के विरुद्ध युद्ध छेड़ना चाहिए, जिससे हम अपने जीवन को और अपनी आने वाली पीढ़ी को भी नशे से मुक्त कर सकते हैं। प्रहरी क्लब के संयोजक डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के नशे से मुक्त कार्यक्रम महाविद्यालय में जारी रहेंगे। संवाद

समाचार पत्र : अमर उजाला
दिनांक : 26-11-2024

Disaster Management



# अंब में आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक

अंब (ऊना)। राजकीय महाविद्यालय अंब में आपदा प्रबंधन क्लब ने आपदा में अपनी जान खो चुके लोगों के लिए स्मृति सभा का आयोजन किया।

इस आयोजन में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को याद किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया। इस दिन का मुख्य उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयासों को बढ़ावा देना है।

यह दिन उन लोगों को भी याद दिलाता है, जिन्होंने आपदाओं में अपनी जान गंवाई है और जिन्हें आपदाओं के कारण नुकसान हुआ है। इस अवसर पर प्राचार्य दर्शन कुमार ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। उन्होंने आपदा के समय लोगों की सहायता करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन क्लब के प्रभारी डॉ. रजनीश कुमार, सह प्रभारी प्रो. आशुतोष ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में बच्चों को जागरूक किया। संवाद

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक: 12-10-2024

MaharanaPratapGovt.DegreeCollegeAmb
DistrictUnaHP-177203
www.mpgcamb.com|govtcollegeamb@gmail.com|mpgcamb@gmail.com|01976-260032

# प्राकृतिक आपदा में जान गंवा चुके लोगों को किया याद



अम्ब : आपदा में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के लिए आयोजित स्मृति सभा में उपस्थित प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार, प्राध्यापक व विद्यार्थी। (अश्विनी)

अम्ब, 11 अक्तूबर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में आपदा प्रबंधन क्लब द्वारा किसी भी तरह की आपदा में अपनी जान गंवा चुके लोगों के लिए स्मृति सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को याद किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर कुछ छात्रों द्वारा सैमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें आपदा प्रबंधन पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति और भाषण दिया गया।

कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन क्लब के प्रभारी डा. रजनीश कुमार व सह प्रभारी प्रो. आशुतोष ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन क्लब के 40 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जोल(नरेन्द्र): राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में आपदा प्रबंधन क्लब ने समर्थ-2024 अभियान के अंतर्गत उन सभी को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने आपदाओं में अपनी जान गंवाई है। इस अवसर पर शिक्षक, गैर-शिक्षक वर्ग और विद्यार्थी एकत्रित हुए और दो मिनट का मौन रखा। इस भावनात्मक सभा में प्राचार्य डा. बलविंदर सिंह राणा, स्टाफ सदस्य, डा. राम सिंह और प्रो. नवीन शर्मा उपस्थित रहे।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक: 12-10-2024

# अंब कालेज में आपदा में जान खोने वालों को किया याद

स्टाफ रिपोर्टर-अंब

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में आपदा प्रबंधन क्लब द्वारा किसी भी तरह की आपदा में अपनी जान खो चुके लोगों के लिए स्मृति सभा का

कारण नुकसान हुआ है। इन प्रयासों के माध्यम से हम आपदा जोखिम को कम कर सकते हैं और लोगों की जान व संपत्ति की सुरक्षा कर सकते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य दर्शन कुमार ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया।

# अंब में आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक

अंब (ऊना)। राजकीय महाविद्यालय अंब में आपदा प्रबंधन क्लब ने आपदा में अपनी जान खो चुके लोगों के लिए स्मृति सभा का आयोजन किया।

गया। इस दिन का मुख्य उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयासों को बढ़ावा देना है।

यह दिन उन लोगों को भी याद

कुमार ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। उन्होंने आपदा के समय लोगों की सहायता करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में आपदा

# अंब में स्टूडेंट्स को सिखाए आग से बचने के तरीके

अंब| महाविद्यालय में आग से सुरक्षा पर मॉक ड्रिल सोमवार को महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में अंतरराष्ट्रीय आपदा दिवस के उपलक्ष्य में आग से सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को आग से सुरक्षा के मामलों में सजगता और तैयारी में अगर्गमन करना था। यह मॉक ड्रिल फायर ब्रिगेड इंचार्ज लकी चौधरी और उनकी टीम के मार्गदर्शन में की गई । इस अवसर पर उन्होंने आग से सुरक्षा की महत्वपूर्ण बातें और तरह-तरह की तकनीकों के बारे में अगवत कराया, ताकि छांत्र और कर्मचारी अपनी आग से सुरक्षा के लिए तैयार रह सकें ।उन्होंने तरह-तरह के अग्निशमन यंत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सजीव प्रदर्शन कर के सभी को दिखाया।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार ने इस आग सुरक्षा मॉक ड्रिल के आयोजन की सराहना की और छात्रों से आग से सुरक्षा के मामलों में सजगतां बढ़ाने की अपील की। इस मॉकड्रिल ने छात्रों को आग से सुरक्षा के महत्व और उससे जुड़े जोखिमों को समझने में मदद की।

समाचार पत्र: दैनिक भास्कर
दिनांक: 15-10-2024




अम्ब : कालेज में आपदा प्रबन्धन के तहत आयोजित माकड्रिल के दौरान दमकल टीम प्राचार्य प्रोफैसर दर्शन कुमार, प्राध्यापक वर्ग के सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ। (अश्विनी)

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक: 15-10-2024

**अम्ब, (अश्विनी):** दमकल विभाग ने विभिन्न संस्थाओं में आपदा प्रबन्धन पर मॉकड्रिल जागरूकता शिविर लगाए। सोमवार

परिशामक लक्की चौधरी, परिशामक मनोहर जसवाल, गृह रक्षक धर्मपाल व चालक दलजीत पर आधारित टीम ने कर्मचारियों और छात्रों को आग से सुरक्षा की महत्वपूर्ण बातें और तरह-तरह की तकनीकों के बारे में अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफैसर दर्शन कुमार ने इस आग सुरक्षा मॉकड्रिल के आयोजन की सराहना की और छात्रों से आग सुरक्षा के मामलों में सजगता बढ़ाने की अपील की। इस मॉकड्रिल ने छात्रों की आग सुरक्षा के महत्व और उससे जुड़े जोखिमों को समझने में मदद की।

Cleanliness and Environmental protection:

## रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने स्वच्छता की अहमियत को समझाते हुए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम




अधिकारी प्रो. सुख देव और डॉ. कुमारी सुजाता की अगुवाई में रवाना किया गया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर से लेकर बाजार होते हुए सभी लोगों को स्वच्छता नारों के साथ जागरूक किया। सभी स्वयंसेवियों ने प्रण लिया कि वह अपने जीवन में स्वच्छता अपनाएंगे। इस मौके पर प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. कृष्णा शर्मा सहित समस्त प्राध्यापक और गैर प्राध्यापक मौजूद रहे।संवाद

समाचार पत्र: अमर उजाला
दिनांक: 01-10-2024




अम्ब : स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली निकालने से पहले अम्ब कालेज के स्वयंसेवी प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार व अन्य के साथ। (अश्विनी)

समाचार पत्र : पंजाब केसरी

दिनांक : 01-10-2024

# रंगोली प्रतियोगिता में एन.सी.सी. कैडेट्स का समूह नं. 4 प्रथम




*अम्ब : अम्ब कालेज में स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान रैली निकालने के पहले एन.सी.सी. कैडेट्स प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार व अन्य के साथ।* (अश्विनी)

अम्ब, 1 अक्तूबर (अश्विनी): महाराणा प्रताप कालेज अम्ब में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में 35 एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लिया। इस मौके पर कैडेट्स द्वारा अम्ब कालेज से बस स्टैंड तक जागरूकता रैली निकाली गई और बस स्टैंड के आसपास साफ-सफाई की गई।

एन.सी.सी. कैडेट्स ने कला का प्रदर्शन करते हुए स्वच्छ भारत अभियान पर विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाई। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को चार समूहों में बांटा गया। प्रत्येक समूह में 6 कैडेट्स मुख्य तौर पर शामिल रहे।

निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम में समूह नंबर 4 के प्रतिभागी कैडेट हर्ष, भानु, दिव्यांशु, आर्यन, जसविंदर व प्राणशुल प्रथम स्थान पर, समूह नम्बर 1 के प्रतिभागी कैडेट सेजल, कृतिका, कशिश, पूजा, हर्षित व वंश दूसरे स्थान पर तथा समूह नंबर 2 के प्रतिभागी कैडेट अभिषेक, कामिनी, अंशिका, अंबिका, अदिति व दिव्यांशु तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार, वाइस प्रिंसीपल प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. रचना और केयरटेकर ऑफिसर डा. अजय कुमार मौजूद उपस्थित रहे।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक: 02-10-2024

# अम्ब कालेज में की बोटैनिकल गार्डन की सफाई

अम्ब, 18 अक्तूबर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में रोवर रेंजर इकाई द्वारा एकदिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रोवर रेंजर इकाई के लगभग 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बोटैनिकल गार्डन की साफ-सफाई की।


इसके उपरांत फूलों के बीज बोए। महाविद्यालय परिसर में स्थित बोटैनिकल गार्डन को वर्षभर फूलों व अन्य दुर्लभ प्रजाति के पौधों से हरा-भरा रखने के लिए रोवर रेंजर इकाई द्वारा सैशन 2024-25 के लिए अडॉप्ट किया गया है। कार्यक्रम के दौरान रोवर रेंजर के एडल्ट लीडर्स प्रो. सुरेता व प्रो. राजेश उपस्थित रहे।



अम्ब : अम्ब कालेज में बोटैनिकल गार्डन की साफ-सफाई करते हुए रोवर रेंजर इकाई के विद्यार्थी। (अश्विनी)

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक: 19-10-2024

REDMI NOTE 9
AI QUAD CAMERA



# अंब कॉलेज में किया पौधरोपण

अंब (ऊना)। राजकीय महाविद्यालय अंब में रोवर रेंजर इकाई की ओर से एक दिवसीय पौधरोपण का आयोजन किया गया। इसमें रोवर रेंजर इकाई के लगभग 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने बोटैनिकल गार्डन की साफ-सफाई की।

इसके उपरांत उन्होंने वहां फूलों के बीजों को बोया। गौरतलब है कि बोटैनिकल गार्डन को रोवर रेंजर इकाई द्वारा सेशन 2024-25 के लिए गोद लिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान रोवर रेंजर के एडल्ट लीडर्स प्रो. सुरेखा व प्रो. राजेश उपस्थित रहे। संवाद

समाचार पत्र: अमर उजाला
दिनांक: 19-10-2024

# अंब कालेज में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य पर करवाया कार्यक्रम

**स्टाफ रिपोर्टर-अंब**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब की एनसीसी द्वारा एक दिवसीय प्रदूषण मुक्त दीपावली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सार्जेंट प्रेरणा ठाकुर की अगुवाई में एनसीसी के कैडेट्स के साथ-साथ अन्य विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के कुल 89 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन से किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा ने अपने व्याख्यान के माध्यम से सभी विद्यार्थियों के दीपावली के त्यौहार के उपरांत वातावरण में होने वाले प्रदूषण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। लेफ्टिनेंट वर्मा ने ये भी बताया कि पठाखे, पुलझाड़ियन, आतिशबाजी, बंब तथा अनार से अनेकों उत्पाद आज बाजार में उपलब्ध है। जिनका प्रचलन सन 1400 में चीन द्वारा किया गया था और आज इनका उपयोग दिवाली, दशेहरा, क्रिसमस तथा नववर्ष पर भारत के साथ साथ कई अन्य देशों में भी किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभिन्न प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, रंगोली तथा दिया डिजाइनिंग मुख्य रूप से शामिल रहे। पोस्टर मेकिंग में कैडेट अंशिका, कैडेट प्रिया भाटिया तथा कैडेट कामिनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान लिया।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक: 29-10-2024

# अंब में मनाई प्रदूषण मुक्त दिवाली

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब के एनसीसी की ओर से एक दिवसीय प्रदूषण मुक्त दीपावली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 89 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा ने अपने व्याख्यान के माध्यम से सभी विद्यार्थियों के दीपावली के त्योहार के उपरांत वातावरण में होने वाले प्रदूषण के बारे में बताया।

लेफ्टिनेंट वर्मा ने बताया कि पटाखे, फुलझड़ी, अतिशबाजी तथा अनार अनेक उत्पाद आज बाजार में उपलब्ध हैं, जिनका प्रचलन सन 1400 में चीन द्वारा किया गया और आज इनका उपयोग दीपावली, दशहरा, क्रिसमस और नव वर्ष के मौके पर भारत के साथ कई अन्य देशों में भी किया जाता है। इन उत्पादों के उपयोग के कारण केवल एक ही दिन में नौ गुणा तक प्रदूषण बढ़ जाता है। ध्वनि प्रदूषण भी 25 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाता है।

## पटाखों से एक ही दिन में नौ गुणा तक बढ़ जाता है प्रदूषण : लेफ्टिनेंट अनिल

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने अपने वक्तव्य में प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने पर जोर देने के साथ सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें पोस्टर मेकिंग, रंगोली तथा दिया डिजाइनिंग मुख्य रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रो. रेखा शर्मा तथा प्रो. अमित कुमार शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संवाद

समाचार पत्र: अमर उजाला
दिनांक: 29-10-2024

# अंब कॉलेज में स्वयंसेवियों ने निकाली स्वच्छता रैली

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने सुबह के सत्र में स्वच्छता रैली निकाली।

सिद्ध बाबा पिंडी दास के आश्रम तक नारों के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहां पर स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया तथा समस्त आश्रम परिसर की साफ-सफाई कर संवारा। आश्रम में स्वयंसेवियों ने भजन कीर्तन के साथ बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। दूसरे सत्र में स्थानीय खंड विकास अधिकारी ओमपाल डोगरा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। मुख्य वक्ता ने सभी स्वयंसेवियों को विभाग से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की और सभी को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बीपीएल सूची के चयन प्रक्रिया के बारे में बताया कि उसमें वे परिवार शामिल नहीं होंगे, जिनके पास मोटर युक्त वाहन है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखदेव व डॉ. कुमारी सुजाता ने मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया। संवाद

समाचार पत्र : अमर उजाला
दिनांक : 05-02-2025

Convener IQAC

JQAC Internal Quality Assurance Cell
Maharana Pratap Govt. Degree College Amb, Una (H.P)

Principal
M. P. Govt. College, Amb
Distt. Una (H.P.)
Principal